# सालीवाड़ा शारदा के सूखे तालाब में आई जान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जल गंगा अभियान एक ऐसा अभियान है जहां छोटे बड़े, महिला पुरूष, बुजुर्गो ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर कुंआ, बावली, तालाबों को तथा झिलों को पुर्नजीवित करने में अहम भूमिका निभाई है। यह संभव हुआ है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार जिले में भी 30 मार्च से 30 जून 2025 तक प्रदेश में जलगंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से प्रदेशभर के जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर जल संवर्धन को जनआंदोलन का स्वरूप दिया गया। छिंदवाड़ा जिले के विकासखण्ड परासिया के ग्राम शालीवाडा शारदा ने इसी अभियान में भागीदारी कर वह कर दिखाया जो वर्षों से केवल एक सपना था।

सूखा था जो तालाब कभी, अब वो जल से भरा हुआ है। प्रयास जो मिलकर किए थे, गाँव को हरियाली से भर दिया है।

**पीएचई विभाग और ग्रामवासियों के प्रयासो से बदली तस्वीर**- पी.एच.ई. विभाग और ग्रामवासियों के साझा प्रयासों से बदली तस्वीर गाँव के मध्य स्थित वर्षो पुराना तालाब गंदगी, झाड़ियों और प्लास्टिक कचरे के कारण उपयोगहीन हो गया था। लेकिन जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के संभाग परासिया की पहल पर ग्राम पंचायत के नेतृत्व और ग्रामीणों की भागीदारी ने इस तालाब की तकदीर बदल दी है।





## जल गंगा संवर्धन अभियान का असर

पी.एच.ई. विभाग की तकनीकी टीम ने पहले तालाब का सर्वे कर आवश्यक सुधार बिंदु तय किए। इसके बाद प्राकृतिक नालों की सफाई कर वर्षा जल को तालाब की ओर मोड़ा गया। तालाब की खुदाई कर उसकी गहराई और जल संग्रहण क्षमता बढ़ाई गई। ग्रामवासियों ने भी श्रमदान कर सफाई और निर्माण में पूर्ण योगदान दिया।

**नतीजे जलभराव से जीवन तक पहुँचा असर**-आज वही सूखा और गंदगी से पटा तालाब पानी से लबालब है। खेतों में सिंचाई संभव हो गई है, हैंडपंप व कुएँ रीचार्ज हो चुके हैं, और भू-जल स्तर में सुधार के स्पष्ट संकेत दिख रहे हैं। गाँव में हरियाली लौट आई है और किसान प्रसन्न हैं।

धरती माँ मुस्काई है, जब पानी ने उसकी प्यास बुझाई है। तालाब की कोख भरी, हरियाली बनकर आशा उग आई है।

जल गंगा संवर्धन अभियान ने केवल एक तालाब को नहीं, बल्कि एक पूरे गाँव की सोच और भविष्य को बदल दिया है। जहाँ जल, वहाँ कल की भावना को साकार करते हुए ग्राम शालीवाडा शारदा एक प्रेरणा-दायक उदाहरण बन चुका है और ग्रामीणों ने जल संरक्षण के महत्व को अच्छी तरह समझ लिया है।

# विद्या आरंभ संस्कार में नन्हे कदमों ने बढ़ाया शिक्षा की ओर पहला कदम

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** शहर की राम शांति विद्या मंदिर में शनिवार सुबह प्री-नर्सरी के बच्चों के लिए श्विद्या आरंभ संस्कार का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना और गायत्री शक्तिपीठ द्वारा पाँच कुंडीय यज्ञ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

नन्हें बच्चों ने 1, अ, ॐ जैसे अक्षरों से शिक्षा का पहला कदम रखा। संस्कारमय इस समारोह में शाला चेयरमैन सुभाष बुधराजा, चेयर पर्सन सरोज बुधराजा व डायरेक्टर शिवम बुधराजा की उपस्थिति रही। प्राचार्या चारू गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले थे।



## सार-समाचार

### डॉं रामराव आठनकर मुंबई गौरव पुरुस्कार से सम्मानित हुए



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डॉ रामराव आठनकर को मुम्बई गौरव पुरुस्कार मिला, उनके द्वारा किये जा रहे नि:शुल्क स्वास्थ शिविर के माध्यम से गाँव में शिविर लगाकर नि:शुल्क स्वास्थ सेवा देना। नि:शुल्क आखो का आपरेशन खुद संस्था के माध्यम से करवाना, आदिवासी भाई, बहनो का समय समय पर उन्हें गरीबो को कपड़े, कबंल, प्रधान करना एवं गरीब आदिवासी छात्र-छात्राओं हेतु ई-लाइब्रेरी चलाकर लोगो को प्रतियोगी परीक्षा कि तैयारी करना हाँ रामराव आठनकर रिया कहवाण एवं शिक्षा समिति के संचालक इन सभी सेवा कार्यों हेतु लता मंगेशकर आडिटोरियम भाईंदर में मुबंई मुंबई के गौरव पुरुस्कार ले सम्मानित किया गया।

### एमपी ट्रांसको में विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन एक जुलाई से

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड एम.पी. ट्रांसको द्वारा कनिष्ठ अभियंता पारेषण-प्रशिक्षु एवं लाइन परिचारक प्रशिक्षु-2024 के पदों पर चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया 1 जुलाई से प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया 3 जुलाई 2025 तक चलेगी।

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता अतुल जोशी ने बताया कि सत्यापन प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से एम.पी. ट्रांसको मुख्यालय, शक्ति भवन, ब्लॉक-2, मुख्य अभियंता मानव संसाधन एवं प्रशासन कार्यालय, जबलपुर में किया जाएगा। उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड किए गए प्रमाण पत्र, अंकसूचियाँ एवं अन्य दस्तावेज़ों का परीक्षण उनकी मूल प्रतियों से किया जाएगा। इसके लिए तीन दल गठित किए गए हैं, जो दस्तावेजों का प्रारंभिक सत्यापन करेंगे। तत्पश्चात इन दस्तावेज़ों का अंतिम परीक्षण अधीक्षण अभियंताओं द्वारा किया जाएगा। सभी चयनित अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन के संबंध में व्यक्तिगत रूप से सूचना प्रदान की जा चुकी है।

### मोहर्रम पर्व को लेकर बैठक आयोजित, प्रशासन ने दिए दिशा निर्देश

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पुलिस थाना के एस डी ओ पी कार्यालय में प्रशासन ने ताजिये,सवारी , परचम सहित मोहर्रम पर्व पर होने वाले अन्य कार्यक्रमों को लेकर बैठक आयोजित कर दिशा निर्देश जारी किये। एसडीएम कलावती ब्यारे, एसडीओपी रत्नेश मिश्रा, तहसीलदार प्रियंका नेताम ने उपस्थित मुस्लिम समाज के लोगो से मोहर्रम पर होने वाले आयोजनों की जानकारी लेते हुए प्रशासनिक गाइडलाइन का पालन करते हुए सभी लोगो से सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ मोहर्रम पर्व मनाने की अपील की है।

मुस्लिम समाज के अनुसार 30 जून को परचम जुलूस, 1 जुलाई को टिपारियों के साथ व 3 जुलाई को मेहदी ताजिया अलम जुलूस में एवं रात्रि में सवारियों एवं इमामबाड़ों, दरगाहो पर , 5 जुलाई कत्ल की रात में मजमा रहेगा व 6 जुलाई को सुबह से गंज स्कूल इंदिरा काम्प्लेक्स मुकरबा के सामने ताजियों का मजमा रहेगा । इसी रात्रि को चावड़ी पर पूरी रात्रि ताजिये रखे जायेगे रात्रि में सवारियां शहर में गश्त करेगी व 7 जुलाई को सुबह सभी ताजिये नए बस स्टैंड बाबली दरगाह पहुचेंगे 11बजे के बाद शक्कर नदी के उस पर नपा द्वारा बनाए जा रहे कुंड में विसर्जन के लिए ले जायेंगे । इन सभी कार्यक्रम स्थलो पर स्थानीय प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर पालिका से सहयोग की अपेक्षा मुस्लिम समाज ने की है । बैठक में जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, मुस्लिम विकास परिषद के महमूद पहलवान, अब्दुल फिरोज खान, मुस्लिम त्योहार कमेटी के मुजीब खान, हसनी हुसैनी सोसायटी अध्यक्ष लकी अली, गरीब नवाज चौकी से शेख रहीम गुडडू, आशिक हुसैन , इमरान ताजी, सज्जाद अली, अनीश खान, राज ताजी, सलमान खान ने गंगा जमना तहजीब के साथ मोहर्रम पर्व मनाने की गुजारिश की है।

# तेज रफ्तार डंपर ने 13 गायों को रौंदा, नौ की मौके पर मौत

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** शनिवार सुबह करीब 8 बजे पांढुर्णा-नागपुर मार्ग स्थित नेशनल हाईवे 47 बॉर्डर पर एक तेज रफ्तार रेत से भरा डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी 13 गायों को रौंदता चला गया। इस दर्दनाक हादसे में 9 गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका उपचार जारी है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय पुलिस दल और गौसेवकों की मदद से मृत और घायल गायों को हटाकर यातायात सुचारू किया गया।

घटना के बाद से क्षेत्र के गौ सेवकों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि रेत परिवहन करने वाले भारी वाहन हाईवे पर अनियंत्रित गति से दौड़ते हैं, जिससे इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से रेत वाहनों पर नियंत्रण लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, वहीं डंपर चालक मौके से फरार बताया जा रहा है।

बता दें कि लम्बे समय से इस क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन डम्परों से किया जाता है जिसको लेकर पूर्व में जनता ने मांग उठाई थी कि रोक लगाई जाएं और सड़क भी खराब हो रही है, दुर्घटनाऐं आम बात हो चुकी है लेकिन ऐसा नहीं हुआ और 9 गौमाता चल बसी।

# परतला में रोटरी क्लब ने बच्चों को बांटे स्कूल शू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सेवाभाव में अग्रणी संस्था रोटरी क्लब छिंदवाड़ा एवम रोटरी ट्रस्ट के द्वारा शनिवार को सुबह 11:00 बजे रोटरी हैप्पी स्कूल एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला परतला में क्लब एवम ट्रस्ट के द्वारा जरूरतमंद 50 बच्चो को स्कूल में शू वितरित किए गए।



इस अवसर पर रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के अध्यक्ष रोटेरियन दीपक खंडेलवाल, रोटेरियन राजेश पोपली, कोषाध्यक्ष संजय जैन मुकेश जैन सहित रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के पदाधिकारी एवम रोटरी क्लब ट्रस्ट के पदाधिकारी सदस्यगण उपस्थित थे। स्कूल की और से प्रधान श्रीमती सराठी, शिक्षक मनीष भट्ट सहित पूरा स्टाप उपस्थित था।

इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने कहा की हमने रोटरी हैप्पी स्कूल में बच्चों को अच्छी शिक्षा में उनके सुख सुविधा का पूरा ध्यान रखा है। स्कूल को पूर्व में डेक्स बेंच स्मार्ट क्लास हेतु कम्प्यूटर लैब सहित अन्य पाठ्य सामग्री वितरित किए है। आगे भी हमारी रोटरी की नई टीम इस हैप्पी स्कूल को जरूरत की सामग्री प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा मेरा सौभाग्य है की मेरे रोटरी के अध्यक्षीय कार्यकाल पूर्ण होने के पूर्व अंतिम प्रोजेक्ट के रूप में शिक्षा जैसे महान कार्य में सहभागी बने यह हमारा सौभाग्य है। संस्था की ओर से मनीष भट्ट ने कहा आज एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला परतला में रोटरी क्लब छिंदवाड़ा के द्वारा 50 शालेय छात्र-छात्राओं को स्कूल यूनिफॉर्म शूज वितरित किए गए जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे, उनकी खुशी देखते ही बनती थी।

यहां उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी रोटरी कब छिंदवाड़ा द्वारा शाला में फर्नीचर एवं कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए है। कार्यक्रम में संस्था की प्रधान पाठिका सराठी, एस.एम. सी. अध्यक्ष दिनेश बेलेस्कर, शिक्षक विजय कुमार शर्मा, सपना चौरसिया, मंजूषा मंडलोई, लक्ष्मी परतेती उपस्थित रहे संस्था की ओर से शिक्षक मनीष भट्ट द्वारा रोटरी क्लब छिंदवाड़ा का आभार व्यक्त किया गया।

# इनर व्हील ट्रायंगल का भव्य उद्घाटन





**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रथ्वीराज चौहान वार्ड, चक्कर रोड स्थित स्थल पर इनर व्हील क्लब द्वारा निर्मित इनर व्हील ट्रायंगल का भव्य उद्घाटन समारोह 28 जून को अत्यंत उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस गरिमामय अवसर पर पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके, नगर के महापौर विक्रम आहाके तथा पार्षद उदय पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## पूर्व राज्यपाल और महापौर हुए शामिल

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं उद्घाटन पट्टिका के अनावरण से हुआ। अपने प्रेरक उद्बोधन में पूर्व राज्यपाल सुश्री उइके ने इनर व्हील क्लब के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा यह ट्रायंगल न केवल सौंदर्य का प्रतीक है, बल्कि महिलाओं की सामाजिक भागीदारी एवं सेवा भावना का भी सशक्त उदाहरण है। महापौर विक्रम आहाके ने भी क्लब के प्रयासों की प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।

क्लब अध्यक्ष डिंपल पटनी एवं सचिव श्रीमती मोनाली खंडेलवाल ने सभी विशिष्ट अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम के उपरांत फर्स्ट स्टेप हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत बैंड की प्रस्तुति ने वातावरण को और भी उल्लासमय बना दिया।

यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, सौंदर्य और सामाजिक योगदान की प्रेरणास्पद मिसाल बनकर सामने आया।

# डीडीसी कॉलेज में पौधरोपण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पेड़ों के महत्व को जनजन तक पहुंचाने के साथ एक पेड़ धरती मां के नाम से लगाने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। इस हेतु डेनियलसन डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र के औषधीय वाटिका में संस्था प्राचार्य प्रो. स्मृति हाबिल, कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के संयोजक एवं पर्यावरण विद श्यामल राव, एन एस एस के जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफड़े की उपस्थिति में एक पेड़ मां के नाम से आंवला, सीसम, सागोन, नीम के पौधों का रोपण कर किया।



इस अवसर पर प्राचार्य स्मृति हाबिल ने कहा की धरती का श्रंगार केवल पेड़ ही होते हे इसलिये हम किसी भी रुप मे क्षति ना पहुंचाये, बल्कि संरक्षण करने की अपील की है। तद्उपरांत एन.एस.एस. स्वयं सेवको ने लगे पौधो का संरक्षण की जिम्मेदारी ली। वहीं जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर जल संरक्षण स्वच्छता की शपथ भी ली।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के एनएसएस की वरिष्ठ स्वयंसेवक चंचलेश वर्मा, सुनील राउत, श्रीमती पामेला एंथोनी, कपिल गोयदानी, प्रभाकर भूसानकर, शतक विश्वास का सराहनीय सहयोग रहा।

# कांग्रेस प्रभारी के पति की पार्थिव देह पंचतत्व में विलीन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर छिन्दवाड़ा के प्रतिष्ठित परिवार वार्ड नम्बर 44 की पार्षद मंजू बैस के पति सेवानिवृत्त मिलेट्री के डॉक्टर नीरज सिंह बैस का 28 जन को प्रात: ह्रदयघात होने से निधन हो गया है जिनका पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया।



डॉ. नीरज सिंह बैस अपनी सेवाएं मिलेट्री में दी, इसके पश्चात वे सेवानिवृत्त होकर छिन्दवाड़ा आऐं और उन्होंने अच्छी चिकित्सा सेवाऐं प्रदान की। 28 जून को प्रात: दिनचर्या के अनुसार नहा धोकर मंदिर में पूजा अर्चना कर घर में चाय भी ली इसके पश्चात अचानक उन्हें घबराहट हुई और अपनी धर्मपत्नी मंजू बैस को आवाज दिया और जब तक वे आई डॉक्टर नीरज बैस को ह्रदय घात हो चुका था।

चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी मंजू बैस के अलावा बेटा पिंचू बैस और टिंकू बैस, बहू नेहा बैस और मंजू बैस की माताजी है। स्व. नीरज सिंह का अंतिम संस्कार मोक्षधाम में किया गया। जहां स्वजातिय बंधुओं के अलावा ईष्टमित्र, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकारगण काफी संख्या में श्रद्धांजलि दी।

# कमलनाथ व नकुलनाथ ने जताया दुख

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने जिला महिला कांग्रेस की प्रभारी मंजू बैस एवं युवक कांग्रेस के नेता पिंचू बैस के पिता नीरज सिंह बैस के आकस्मिक निधन पर गहन दुख व्यक्त किया है। पूर्व सी.एम. कमलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि नीरज सिंह बैस के निधन का समाचार बेहद दुखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान व शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें।

नकुलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि नीरज सिंह बैस ने सेना में रहते हुए देश सेवा की। सेवानिवृत्त होकर जनसरोकार के कार्यों से जुड़े रहें। उनका अकस्मात निधन दुखद है। ईश्वर शोकाकुल परिवार को यह दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें साथ ही दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान दें। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने जिला कांग्रेस परिवार की ओर से नीरज सिंह बैस के निधन पर गहन दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया साथ ही दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान देने ईश्वर से प्रार्थना की। श्री बैस को अंतिम विदाई देने जिला कांग्रेस परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में पहुंचे।

# किशोर न्याय बोर्ड में संस्कारों की पाठशाला का शुभारंभ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आपराधिक गतिविधि में संलिप्त विधि विवादित बालकों से समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयासों में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रोटरी क्लब एनजीओ के सहयोग से किशोर न्यार्थ बोर्ड परिसर में संस्कारों की पाठशाला का भव्य शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशांत हुद्दार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश पॉक्सो श्रीमती तृप्ती पाण्डेय, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड सुश्री अंजली शाह, सदस्य नवनीत ब्यास, किरणलता चौपड़े, जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश शिवहरे, सहा अभियोजन अधिकारी पाल, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी अतिशय और बाल संरक्षण अधिकारी चन्द्रशेखर नागेश, रोटरी क्लब प्राईड अध्यक्ष अंजली नायक, सचिव अनीता बत्रा, सदस्यगण नूपुर अग्रवाल, शुचिता राठी, गरिमा लालवानी, मिनाक्षी शर्मा उपस्थित रहे।

किशोर न्याय बोर्ड में एक कक्ष को विशेष रूप से चाइल्ड फ्रेंडली तैयार किया गया है, जिसे संस्कारों की पाठशाला नाम दिया गया है और रोटरी क्लब द्वारा संस्कारों की पाठशाला के लिए बच्चों को नैतिक शिक्षा की कहानियों के माध्यम से जीवन मार्गदर्शन और व्यवहार परिवर्तन हेतु एल ई डी टी वी प्रदान की गई है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा अपने उद् बोधन में कहा गया कि विधि विवादित बालकों के सुधार एवं मार्गदर्शन के लिए यह एक अच्छी पहल है।

# कांग्रेस संगठन सृजन अभियान की बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** संगठन सृजन अभियान के तहत तामिया में कांग्रेस की अहम बैठक हुई। संगठन सृजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संचालित एक व्यापक संगठनात्मक पुनर्गठन कार्यक्रम है, जिसका लक्ष्य पार्टी को बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक सशक्त बनाने की कवायद जारी है।

कल 28 जून शनिवार को प्रात: 11 बजे अंकिता होटल के पास मंगल भवन तामिया में ब्लॉक तामिया एवं उप ब्लॉक चावलपानी के समस्त काँग्रेसजनों एवं पार्टी पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक रखी गई थी। बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गाँधी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा काँग्रेस पार्टी को पुराने स्वरूप में लाने के लिए संगठन सृजन अभियान शुरू किया है।

मध्यप्रदेश में काँग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए संगठन सृजन अभियान को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एंव वर्तमान विधायक कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर दिनाँक कल 28 जून मंगल भवन तामिया में बैठक हुई।

बैठक अखिल भारतीय काँग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एंव उत्तरप्रदेश के पूर्व विधायक पर्यवेक्षक संजय कपूर, पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी, छिन्दवाड़ा काँग्रेस के प्रभारी, पूर्व विधायक सुनील जयसवाल, एवं अभिनव ढिमोले, जिला काँग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, जुन्नारदेव विधानसभा प्रभारी गोविन्द राय एवं जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके की उपस्थिति में आयोजित हुई। संगठन सृजन के लिए सभी काँग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं से सुझाव लेकर सम्माननीय नेतागणों द्वारा संगठन की मजबूती हेतु महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया गया।

ब्लॉक तामिया एवं उप ब्लॉक चावलपानी के समस्त काँग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर पार्टी को मजबूत बनाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। इस दौरान अनिल साहू, समेत ऊइके, नवीन मरकाम, मनमोहन साहू, सहित अनेको कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़कों से बनती है पूंजी : अग्घन शाह

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने में सड़कों का प्रमुख योगदान होता है और सड़कों के निर्माण से पूंजी बनती है, क्योंकि आवागन जितना सुगम होगा उतनी ही तेजी से व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा मिलता है।

इसे दृष्टिगत रखते हुये पूर्व सीएम कमलनाथ ने छिन्दवाड़ा में सर्वाधिक सड़कों का निर्माण कराया और वे मंचों से अक्सर अपने उदबोधनों में कहते हैं कि पूंजी से सड़कें नहीं बनती बल्कि सड़कों से पूंजी बनती है।

छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले अंतर्गत आने वाले ग्रामों को ब्लॉक अथवा जिला मुख्यालय से जोड़ने हेतु जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं पूर्व सीएम कमलनाथ के प्रयत्नों से सड़कों के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। अग्घन शाह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से नेताद्वय का आभार व्यक्त किया है।

**सार-समाचार**

## नपाध्यक्ष पर 22 लाख की आर्थिक अनियमितता का मामला पहुंचा उच्च न्यायालय, नोटिस जारी

**परासिया, देशबन्धु।** नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय पर गलत तरीके से बैंक में जमा एफ.डी. तुड़वाकर नगर पालिका को 22 लाख की आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया था। अब यह मामला उच्च न्यायालय जबलपुर पहुंच गया है। नगर पालिका के पार्षद वीर बहादुर सिंह ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है जिस पर न्यायालय ने प्रिंसिपल सेक्रेटरी भोपाल, कमिश्नर जबलपुर, कलेक्टर छिन्दवाड़ा, एस.डी.एम. परासिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी परासिया एवं नपाध्यक्ष परासिया को नोटिस जारी कर 3 जुलाई तक जवाब मांगा है।

पार्षद वीर बहादुर सिंह ने बताया कि क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक में जो 3 करोड़ रूपये की एफ.डी. सालों से जमा थी, जिस पर लगातार ब्याज मिल रहा था। नपाध्यक्ष ने बगैर परिषद और पी.आई.सी. की सहमति लिए एफ.डी. को तोड़कर आई सी आई सी आई बैंक में अनब्रेकेबल एफ.डी. बना ली।

बाद में ठेकेदार को भुगतान करने के लिए एफ.डी. को बीच में ही तोड़ लिया गया, जिससे 3 करोड़ राशि पर मिलने वाला लगभग 22 लाख का ब्याज नहीं मिला, जिससे नगर पालिका को बड़ी आर्थिक क्षति हुई है। पार्षद ने बताया कि मामले की शिकायत करने पर जिला कलेक्टर ने गत 30 जनवरी 2025 को तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई, जिसमें एस.डी.एम. को जांच समिति का मुखिया बनाया गया। जबकि दो अन्य अधिकारी को सदस्य बनाया गया। कलेक्टर ने जांच समिति को नपा में उपस्थित होकर एक हफ्ते में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था। पार्षद का कहना है कि उसमें लगातार आवेदन देकर जांच कार्यवाही की जानकारी चाही लेकिन लंबे समय तक जानकारी नहीं मिलने पर उच्च न्यायालय में अपील दायर की गई।

## कुएं में मिला युवक का शव

**परासिया, देशबन्धु।** नगर के वार्ड क्रमांक 16 में स्थित सार्वजनिक कुंए में शनिवार को युवक का शव मिला। जानकारी के अनुसार दोपहर को वार्ड की महिलाओं ने शव को देखा। दोपहर 3 बजे नगर पालिका कर्मियों तथा पुलिस की सहायता से कुएं से शव को बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान वार्ड क्रमांक 12 निवासी 33 वर्षीय हेमंत ओरिया के रूप में की गई।

जानकारी अनुसार गुरुवार शाम 5 बजे हेमंत घर से स्कूटी लेकर निकला था इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। घर वालों ने उसकी तलाश की शुक्रवार को उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस थाना परसिया में दी गई। कुंए से कुछ दूरी पर उसकी स्कूटी खड़ी हुई मिली। बताया जाता है कि मृतक हेमंत ओरिया प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। घटना वाले दिन कुएं में जाली लगी हुई है लेकिन जाली का एक हिस्सा टूटा हुआ है। वार्ड वासियों ने बताया कि इसके पहले अभी तक कुएं में 7 शव मिल चुके हैं। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## सरकारी जमीन पर मजदूरों के आवास की जगह बना दिया तीन मंजिला कॉम्प्लेक्स, अधिकारी मौन

**परासिया, देशबन्धु।** खसरा क्रमांक 483 की शासकीय भूमि जो कि वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड डल्ब्यू.सी.एल. के अधीन है पर प्रवासी मजदूरों के आवास निर्माण की अनुमति दी गई थी। मगर राजनीतिक रसूख का दुरुपयोग करते हुए एक स्थानीय राजनेता ने यहां आवास की जगह तीन मंजिला कॉम्प्लेक्स खड़ा कर दिया।

जानकारी के अनुसार इस कॉम्प्लेक्स के ग्राउंड फ्लोर पर कई दुकानें संचालित हो रही हैं जबकि दूसरी मंजिल पर मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक का संचालन शुरू किया गया है। वहीं तीसरी मंजिल पर एक निजी मोबाइल कंपनी का जिओ टावर भी स्थापित किया गया है। गौर करने वाली बात यह है कि इस भूमि का क्रियान्वयन रजिस्ट्री/लीज आदि बिना डब्ल्यूसीएल की अनिवार्य अनुमति एनओसी के ही कर दिया गया जबकि कानूनी प्रावधानों के मुताबिक न केवल डब्ल्यूसीएल बल्कि पटवारी, आरआई, नगर पालिका और तहसील कार्यालय से भी अनिवार्य एनओसी लेना आवश्यक होता है।

स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं कि आखिर कैसे बिना किसी वैधानिक अनुमति के बैंक को शिफ्ट करने और मोबाइल टावर लगाने जैसे कार्य पूरे कर लिए गए, लोग आशंका जता रहे हैं कि राजनेताओं के दबाव में सरकारी अधिकारी भी कार्रवाई से बच रहे हैं। डब्ल्यू.सी.एल. के महाप्रबंधक की चुप्पी पर भी सवाल उठ रहे है।

# शासकीय महाविद्यालय चांद में नशा स्वनिर्मित अभिशाप विषय पर कार्यशाला आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय चांद में व्यक्तित्व विकास, रेड रिबन और राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग द्वारा संयुक्त रूप से नशा स्वनिर्मित अभिशाप विषय पर आयोजित कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. अमर सिंह ने कहा कि नशा करने वाले व्यक्ति का स्वयं पर नियंत्रण, आत्मविश्वास और चुनौतियों से निपटने का साहस समाप्त हो जाता है। उसे क्या अच्छा, क्या बुरा है, सब पता होता है, लेकिन उस पर अमल नहीं कर पाता है। उसे शालीनता से बिना उलाहना दिए नशा मुक्ति हेतु सपोर्ट करना चाहिए। नशे से ग्रसित व्यक्ति के आत्मविश्वास करने की आदत को मज़बूत करने की जरूरत होती है।

प्रो. रजनी कवरेती ने कहा कि नशा करने वाले के ध्यान को नशे से हटाकर दूसरे रचनात्मक कार्यों में केंद्रित कराना चाहिए। गलत लोगों की संगति बदलकर भी नशे की आदत से छुटकारा पाया जा सकता है। प्रो. जी.एल. विश्वकर्मा ने कहा कि राष्ट्र के भविष्य निर्माता छात्रों को जो स्वस्थ जीवन के लिए जो आवश्यक है, वही करना चाहिए। नशा छोड़कर सारे रिश्ते जोड़ने पर बल देना चाहिए।

प्रो. आर.के. पहाड़े ने कहा कि नशा सीधे दिमाक पर प्रहार करता है और हमारी रचनात्मक क्षमताओं को नष्ट कर देता है। प्रो. सकरलाल बट्टी ने कहा कि नशे की लत लग जाने से इतना नुकसान होता है जिसकी भरपाई कई पीढ़ियों को करनी पड़ती है। प्रो. लक्ष्मण उइके ने कहा कि नशा दुर्लभ दिव्य संभावनाओं को धूल चटा देता है और मनुष्य की बेशर्मी की पराकाष्ठा तक नीचे गिरा देता है।

प्रो. सुरेखा ने कहा कि नशा व्यक्ति को समाज में सिर ऊंचा करके जीने नहीं देता है और हीनभावना का शिकार बना लेता है। कार्यशाला में नशे के नुकसानों पर निबंध स्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संतोष अमोडिया, नीलेश नाग, नरेश चौधरी, आनंद रजक और श्वेता चौहान का विशेष योगदान रहा।



## नागद्वार यात्रा 19 से 29 जलाई तक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में अमरनाथ यात्रा समान पवित्र माने जाने वाली नागद्वार यात्रा दस दिनों के लिए 19 से 29 जुलाई के बीच होगी। इसके पूर्व सेवादार मंडलों को व्यवस्था बनाने के लिए 14 जुलाई से यात्रा क्षेत्र में जाने की अनुमति दी जाएगी। यह यात्रा पचमढ़ी से शुरू होती है और सतपुड़ा की सर्पिलाकार पहाड़ियों से होकर गुजरती है। यह यात्रा मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में आयोजित की जाती है। इस यात्रा में श्रद्धालु श्री नागद्वार स्वामी मंदिर के दर्शन करते हैं। यह यात्रा कठिन मार्गों से होकर गुजरती है और इसमें मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित देश के अन्य हिस्सों से आए लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं।

# वीर मेमोरियल फाउंडेशन का भावुकतापूर्ण शुभारंभ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शनिवार 28 जून दोपहर पेंशनर सदन में आयोजित एक गरिमामय एवं संवेदनशील समारोह में वीर मेमोरियल फाउंडेशन का शुभारंभ प्रेरणा और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ संपन्न हुआ। यह फाउंडेशन दिवंगत बालक वीर की स्मृति में स्थापित किया गया है, जिसने अपने अल्प जीवन में ही परिवार और समाज को आत्मबल सहनशीलता और सकारात्मक सोच दी ।

कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रतिष्ठित समाजसेवियों एवं वरिष्ठ जन डॉ. ब्राउन, एस.डी.ए. तिवारी, प्रोफेसर राजेश मिश्रा, अधिवक्ता सिद्धार्थ सहारे, प्रवीण नासेरी, आरिफ खान, रूमी पटेल, सुशील पटवा, डॉ. रवि टांडेकर, डॉ. हेमंत अहिरवार, डॉ. अंकित मेश्राम, डॉ. आशु, डॉ. भानुप्रताप, डॉ. महेंद्र मौर्य, राजेश दुबे, प्रकाश दुबे, कामता प्रसाद अहिरवार सहित संस्था के फाउंडर विक्रांत अहिरवार, गणेश मोहबे, जितेंद्र लहरिया, अविनाश सिंह, नरेंद्र सोनारे एवं वीर मेमोरियल फाउंडेशन परिवार, संरक्षक पदाधिकारी, सदस्य एवं शुभचिंतको ने भाग लिया। सभी ने वीर की स्मृति को श्रद्धांजलि दी और फाउंडेशन के उद्देश्यों की सराहना की।

बच्चों के स्वास्थ्य के लिए सहायता और जागरूकता, समाज के वंचित वर्गों का उत्थान, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान, खेल और फिटनेस के प्रति जनजागरूकता लाना है।

फाउंडेशन के संस्थापक रविकांत अहिरवार ने कहा– वीर ने भले ही कम उम्र में हमें छोड़ा, पर अपने छोटे से जीवन में हमें यह सिखा गया कि सेवा, समर्पण और जागरूकता ही असली जीवन है। यही सोच लेकर हमने इस फाउंडेशन की नींव रखी है। कार्यक्रम में एक डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से वीर की स्मृतियों को साझा किया गया, साथ ही फाउंडेशन का लोगो और मिशन स्टेटमेंट भी सार्वजनिक किया गया।

कार्यक्रम की एक विशेष पहल यह रही की आए हुए सभी अतिथि और नव पंजीकृत सदस्यों को स्मृति चिन्ह के रूप में एक–एक पौधा/वृक्ष भेंट किया गया। यह वृक्ष उपहार एक जीवन–एक स्मृति की संकल्पना को सार्थक करता है जो न केवल पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है बल्कि वीर की स्मृति को भी हरा भरा और यादगार बनाएं रखेगा इस पहल मे अपना योगदान दें और समाज के लिए कुछ सकारात्मक करें।

वीर मेमोरियल फाउंडेशन के शुभारंभ के अवसर पर शहर के बुद्धिजीवी वर्ग, वरिष्ठजन और कई समाजसेवियों ने इस अभिनव प्रयास की सराहना की है । साथ ही जिस सोच को लेकर वीर मेमोरियल फाउंडेशन चल रहा है। उस सोच पर सदैव साथ देने की बात भी कहीं।

# अग्निवीर मॉक टेस्ट प्रशिक्षण का आयोजन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** 24 एमपी बटालियन एन.सी.सी. के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन के मार्गदर्शन में स्थानीय पी.जी. कॉलेज परिसर स्थित मैदान में कल 127 महिला एवं पुरुष उम्मीदवारों ने अग्निवीर मॉक टेस्ट प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवक और युवतियों को विशेष रूप से एन.सी.सी. कैडेट्स को अग्निवीर सहित विभिन्न सशस्त्र सेनाओ में चयन सुनिश्चित करने तैयार करना है।

इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य छात्रों एवं युवाओं को भारतीय सेना की के प्रति जागरूक करना, उन्हें वास्तविक भर्ती का अनुभव प्रदान करना तथा उनकी शारीरिक, मानसिक एवं दस्तावेजीय तैयारी को दिशा देना था।

24 एम.पी. बटालियन एन.सी.सी. द्वारा विगत वर्ष भी अग्नि वीर तथा सशस्त्र सेनन में प्रवेश पाने के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षकों का आयोजन किया गया था जिसमें बटालियन के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले तीन जिलों से बड़ी संख्या में एन.सी.सी. कैडेट्स का भारतीय सेना में चयन संभव हो सका था। इसी परिणाम से प्रोत्साहित होकर इस वर्ष भी 24 एम.पी. बटालियन एन.सी.सी. द्वारा छिंदवाड़ा–पांढुर्णा तथा सिवनी के विभिन्न एन.सी.सी. सब यूनिट्स में ऐसे मॉक टेस्ट अयोजित किए जा रहे है, जिससे इस सत्र में भी बड़ी संख्या में एन.सी.सी. कैडेट्स का भारतीय सशस्त्र सेनाओं में चयन संभव हो सकेगा।

पी.जी. कॉलेज परिसर में आयोजित प्रशिक्षण में बड़ी संख्या में उपस्थित सभी उम्मीदवारों से अग्निवीर परीक्षा में पूछे जाने वाले सवालों से संबंधित प्रश्न पत्र हल करवाया गया, तत्पश्चात निश्चित समय पर पूरी की जाने वाली 1.6 किलोमीटर की दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, बीम के माध्यम से शारीरिक दक्षता परीक्षण कराया गया इसके साथ–साथ सभी उम्मीदवारों का वजन तथा ऊंचाई का मापन किया गया। इस मॉक टेस्ट में 24 बटालियन एन.सी.सी. की कुशल एवं प्रशिक्षित टीम जिसे पूर्व वर्षों में भी अग्निवीर मॉक टेस्ट लेने का अनुभव प्राप्त है उपस्थिति रही उनके कुशल मार्गदर्शन में उम्मीदवारों को अग्निवीर बनने हेतु कई टिप्स और तकनीकी जानकारियां प्रदान की गई इसमें शासकीय पी.जी. कॉलेज छिंदवाड़ा के एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर शेखर ब्रम्हने एवं टी.ओ. अरुणा बैरागी सहित 24 एम.पी. बटालियन से सूबेदार डी.एस. चौहान, सूबेदार गौतम खजुरिया, हवलदार कृष्णा, हवलदार गुरप्रीत सिंह, जीसीआई प्राची विशेष रूप से उपस्थित रहे।



छात्रों की शारीरिक प्राथमिक परीक्षण किया गया, जिससे उन्हें वास्तविक भर्ती प्रक्रिया की समझ मिल सके।

भर्ती में आवश्यक दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया का डेमो भी प्रस्तुत किया गया

इस आयोजन में छिंदवाड़ा के शासकीय कन्या महाविद्यालय, पी.जी. कॉलेज, डेनियलसन डिग्री कॉलेज, के कैडेट्स बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतिभागियों ने पूरे आयोजन में अत्यंत अनुशासन, ऊर्जा और उत्साह के साथ हिस्सा लिया।

यह मॉक भर्ती टेस्ट ना केवल युवाओं को रक्षा सेवा की तैयारी में मार्गदर्शन प्रदान करने में सफल रहा, बल्कि उनमें राष्ट्रसेवा का भाव, सैन्य अनुशासन और स्वयं पर विश्वास जैसी महत्त्वपूर्ण भावनाओं का भी विकास करने में सार्थक कदम था।

कार्यक्रम की सफलता के लिए कॉलेज प्राचार्य डॉ. वाय.के. शर्मा ने इस सराहनीय आयोजन की भूरी–भूरी प्रशंसा की ओर उपस्थित पी.आई. स्टाफ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।